RAF SECTOR

NEWS CLIP

14/11/2022

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Dainik Jagran, Prayagraj, (UP)

आज आएंगे आरएएफ के डीआइजी

जासं, प्रयागराज : शांतिपुरम स्थित रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) की 101 बटालियन में निरीक्षण करने के लिए देहरादून से आरएएफ के पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआइजी) अखिलेश कुमार सिंह सोमवार को आएंगे। वह यहां पर तीन दिन तक रहेंगे। आरएएफ बटालियन में निरीक्षण करने के साथ ही सैनिक सम्मेलन, सांस्कृतिक कार्यक्रम और बड़ा खाना में शामिल होंगे। उप कमांडेंट बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि दंगा जैसी स्थिति से निपटने और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए आरएएफ का गठन किया गया है। उत्तर भारत में आरएएफ की पांच बटालियन हैं।

अखिलेश कुमार सिंह

Hindusten, Jamshedpur, (JKD)

कमलदेव की शवयात्रा में बवाल, पथराव-लाठीचार्ज

चक्रधरपुर, संवाददाता। गिरिराज सेना के प्रमुख कमलदेव गिरी की शवयात्रा में रविवार को चक्रधरपुर में जमकर बवाल हुआ। शवयात्रा के दौरान दो समुदायों के बीच जमकर पथराव हुआ। इसमें दर्जनभर लोग घायल हुए हैं। बाद में पुलिस ने लाठीचार्ज और आंसूगैस के गोले दागकर दोनों परक्षों को अलग-थलग किया। पूरे इलाके को छावनी में तब्दील कर दिया गया है और पुलिस पैदल मार्च कर रही है। एसपी और डीसी खुद चक्रधरपुर में कैंप किए हुए हैं। वैसे प्रशासन का दावा है कि स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है।

बता दें कि शनिवार शाम कमलदेव गिरी की बम मारकर हत्या कर दी गई थी। इसके बाद पूरे शहर में तनाव फैल गया था। तनाव को देखते हुए चक्रधरपुर शहर को रैप के हवाले कर निषेधाज्ञा लागू कर दी गयी है। उसके बाद रविवार को प्रशासन की मौजूदगी में गिरी की शवयात्रा निकाली गई थी।

हत्यारों को गिरफ्तार करने की मांग: रविवार दोपहर करीब साढ़े 12 बजे हजारों की भीड़ के बीच कमलदेव गिरि की शवयात्रा निकाली गयी। इसमें शामिल लोग हत्यारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर नारेबाजी कर रहे थे। पवन चौक पहुंचने के बाद भीड़ ने शव को सड़क पर रख पुलिस के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। इस बीच कुछ महिलाएं मौके पर मौजूद एसडीओ सहित अन्य अधिकारियों से हत्यारों को गिरफ्तार करने की मांग पर हंगामा करने लगीं। देखें P 08



चक्रधरपुर में रविवार को दो समुदायों में झड़प के बाद सड़क पर बिखरे पत्थर।

एक घंटे के पथराव के बाद एक्शन में आई पुलिस

पवन चौक से समर्थकों की भीड़ के आगे बढ़ते ही दो समुदायों के बीच पथराव शुरू हो गया। पुलिस प्रशासन ने दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया, पर व्यर्थ साबित हुआ। पथराव करनेवाले हाथों में लाठी, डंडे सहित अन्य हथियार लिये हुए थे। करीब एक घंटे बाद भी स्थिति नियंत्रण में नहीं देख प्रशासन ने आंसू गैस के साथ लाठीचार्ज कर दिया, जिसके बाद स्थिति काबू में आयी।

कुदरीबाड़ी में किया गया अंतिम संस्कार

स्थिति नियंत्रण में आने के बाद गिरि के समर्थक शव को लेकर कुदरीबाड़ी श्मशान घाट पहुंचे, जहां अंतिम संस्कार किया गया। इससे पूर्व शव का पोस्टमार्टम हुआ और परिजन शव को घर ले गये, जहा से दोपहर मे शवयात्रा निकाली गयी। तनाव वाले इलाकों में पुलिस कर का पैदल मार्च पथराव के बाद पूरे इलाके में तनाव है।

एसआईटी का गठन

घटना की जांच के लिए एसआईटी गठित की गयी है। टीम में एसडीपीओ चक्रधरपुर एवं सदर शामिल है। एसपी आशुतोष शेखर ने बताया कि स्थिति सामान्य है। अतिरिक्त बल की तैनाती हुई है। लोग अफवाहों पर ध्यान नहीं दें। प्रशासन ने शहर में देर रात 19 नवंबर तक धारा 144 लगा दी थी। मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस और रैफ के जवानों को तैनात किया था, प्रशासन की सभी तैयारी धरी रह गयी और रविवार को दो समुदायों के बीच पथराव हो गया, जिसमे दर्जन भर लोग घायल हो गये।

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।